## एक नजर में

### नवोदित संस्था सोसायटी ऑफ ऑथर्स, इन्दौर का गठन




इंदौर . साहित्यिक एवं सास्कृतिक नवोदित संस्था सोसायटी ऑफ ऑथर्स, इन्दौर का गठन किया गया . संस्था संरक्षक डॉ . अनुपमा जैन ने संस्थागत चुनाव सम्पन्न करवाये . चुनाव में 25 से अधिक सदस्यों ने सहभागिता की . सर्वानुमति से डॉ . रवीन्द्र नारायण पहलवान अध्यक्ष, रामनारायण सोनी सचिव और योगेंद्र कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष पद के लिये चुने गये . इस अवसर पर डॉ . रवीन्द्र पहलवान ने कहा कि संस्था की मासिक बैठक कुंद कुंद ज्ञानपीठ में प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को आयोजित की जाएगी जिसमें काव्य गोष्ठी के साथ, पुस्तक चर्चा, एकल काव्य पाठ, एवं साहित्य की विभिन्न विधाओं पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी . इस अवसर पर अखिलेश जैन, रशीद अहमद शेख, आर . डी . गुप्ता, सुचित्रा भोरास्कर, डॉ . पी . के . माथुर, व्रजेन्द्र नागर, राजेश रामनगीना, प्रकाशचन्द्र मुन्शी, शोभारानी तिवारी, ओम प्रकाश जोशी, सुरेश रायकवार, कमल कासलीवाल, बालकराम शाद, डॉ . वासिफ काजी, अखिलेश जैन, चावला जी, गोकुल परसाई, मोहन शर्मा आदि सदस्य उपस्थित थे।

### संगीत निशा में सदाबहार गानों की प्रस्तुति



इंदौर . लायंस क्लब बांद्रा खार द्वारा आयोजित संगीत निशा दिल की बातें जिसमें किशोर कुमार व लता मंगेशकर के सदाबहार चुने हुए गानों की शानदार प्रस्तुति दी गई . इंदौर के जाने-माने बॉलीवुड गायक रॉकस्टार चिंतन बाकीवाला व टीवी शो की विजेता व सम्मानित उभरती गायिका इशिता पव, सुश्री गील सक्सेना द्वारा ऑडिटोरियम में उपस्थित करीब 1000 प्रबुद्ध श्रोत्राओं के बीच प्रस्तुति दी गई . मुख्य अतिथि लायंस पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर राजू मनवानी व उनके 8 वर्षीय पौत्र एमजीएफ लायन आर्यन व आमंत्रित विशिष्ट अतिथिगण मुंबई पुलिस एसीपी संजय पटेल, आईजी मोहन राठौर, सुदर्शन गायकवाड पुलिस ऑफिसर, शिवसेना अध्यक्ष मध्य प्रदेश सुरेश गुर्जर वह अन्य अतिथि गणों ने समारोह में गायक कलाकरों का उत्साहवर्धन किया . इंदौर से विशेष आमंत्रित दिनेश रणधर, मुंबई की जोगिंदर कौर, वैष्णवी प्रेमचंदानी भाटिया ने सभी अतिथि गणों का मोतियों की माला व स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया . इवेंट आयोजनकर्ता अनिल-चंदा बोरा, सीमा-सुनील बोरा व केशवराय की आयोजन को सफल बनाने में अहंम भूमिका रही .

### जीवन में मंगल को धारण करो : श्रुतमुनि



इंदौर . महावीर भवन इमली बाजार कि धर्म सभा को संबोधित करते हुए उपप्रवर्तक श्रृत मुनि जी महाराज ने कहा कि जीवन में मंगल होना आवश्यक है जिसके जीवन में मंगल है वो ही सुखी है . एक मंगल भद्राआसन है पुण्यवान, भाग्यवान हि धर्म के आसन पर बैठते है भद्राआसन पर जप, तप, साधना करने से वह आसन तीर्थआसन बन जाता है . भद्राआसन भय, व्याघी, रोग, शोक दूर करता है . हमें जीवन में मंगलमय रहते हुऐ भद्राआसन का निर्माण करना है . व्यक्ति को यह जान लेना चाहिये कि अच्छा-बुरा भुगतान इसी जीवन में करना है, पर हमें इसका डर नहीं है जीवन में मंगल जब ही आयेगा जब हम कर्मों से डरेगें . हम जप, तप, साधना और धर्म से जुडेंगे . संगीता जैन का 9 उपवास की तपस्या पर बहुमान किया गया . सभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया . धर्मसभा में रमेश भंडारी, रखब चंद कोटावाले, अशोक मंडलीक, हेमंत बोहरा, जिनेश्वर जैन, महेन्द्र डागरिया, प्रकाश कोठारी, गजेंद्र तांतेड़, नरेंद्र मेहता, आदि बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे .

### बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 10% की वृद्धि दर्ज की

इंदौर . बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने एच 1 2025 में अब तक की सबसे ज्यादा कार डिलीवरी दर्ज करते हुए अपने मजबूत प्रदर्शन को और आगे बढ़ाया है।जनवरी से जून 2025 के बीच कंपनी ने कुल 7,774 बीएमडब्ल्यू और बीएमडब्ल्यू कारें तथा 2,569 मोटरसाइकिलें बेचीं . इस दौरान बीएमडब्ल्यू ब्रांड की 7,477 यूनिट्स और मिनी की 297 यूनिट्स की बिक्री हुई . दूसरी तिमाही (अप्रैल से जून) में हर महीने अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज की गई . विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट और सीईओ, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, ' क्यू1 की मजबूत परफॉर्मेंस को जारी रखते हुए, हमने एच 1 में शानदार नतीजे हासिल किए हैं . चुनौतियों के बावजूद, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने +10% की ग्रोथ दर्ज करते हुए लग्ज़री सेगमेंट में नए अवसरों को तेजी से अपनाया है . इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर हमारा फोकस गेम-चेंजर साबित हो रहा है और भारत में बीएमडब्ल्यू सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला लग्ज़री ईवी ब्रांड बन गया है, जिसमें +234% की शानदार वृद्धि देखने को मिली है .

### ओप्पो ने कई खूबियों के साथ रेनो 14 सीरीज़ लॉन्च की

इंदौर ओपो इंडिया ने रेनो 14 सीरीज़ लॉन्च की है . यह परफॉर्मेंसए पॉवर और सटीकता के साथ यूज़र्स को बेहतरीन फीचर्स और एक संपूर्ण स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करती है . ओप्पो की ओर से रेनो14 और रेनो 14 प्रो यूज़र्स द्वारा कैप्चर करने, एडिट करने और शेयर करने का तरीक़ा बदल रहे हैं . प्रोडक्ट कम्यूनिकेशन मैनेजर अपूर्वा श्रीवास्तव ने बताया कि इस सीरीज़ ने लॉसलेस 3.5× ऑप्टिकल ज़ूम +120× तक डिजिटल ज़ूमए एडवांस्ड एआई एडिटिंग टूल्स और वाटर .रेज़िस्टेंट ड्यूरेबिलिटी के साथ एक शक्तिशाली ऑल .राउंडर स्मार्टफ़ोन पेश किया हैए जो हर लाइफ़स्टाइल के अनुकूल है . साथ ही रेनो 14 सीरीज़ अपने सेगमेंट में सबसे ज़्यादा एआई इमेजिंग और प्रोडक्टिविटी फीचर्स प्रदान करती है इसलिए रेनो 14 सीरीज़ बहुत किफ़ायती मूल्य में उत्तम गुणवत्ता प्रदान करने वाली सीरीज़ है।पहली सेल में ग्राहकों को रेनो14 सीरीज़ केवल 34,200'' के शुरुआती मूल्य में मिल रही है . यह सीरीज़ धूल, पानी में डूबने और 80 डिग्री सेल्सियस तक के उच्च दबाव वाले गर्म पानी से सुरक्षित है . इसमें अब तक का सबसे आधुनिक कैमरा सिस्टम है . यह कैमरा सिस्टम क्रिएटर्सए एक्सप्लोरर्स और स्टोरीटेलर्स के लिए विकसित किया गया है .




### कलाकारों ने बताये अपने सीक्रेट रिचुअल्स

इदौर . एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने ऐसे ही कुछ खास शूट से पहले के रिचुअल्स (आदतें) साझा किए हैं, जो उन्हें शूटिंग के दौरान फोकस्ड, एनर्जेटिक और तैयार रहने में मदद करते हैं, इन कलाकारों में शामिल हैं - गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और सोमा राठौड़ ('भाबीजी घर पर हैं' की अम्माजी). गीतांजलि मिश्रा उर्फ' हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश बताती हैं हर सीन से पहले मैं कुछ मिनटों के लिए स्टूडियो के लॉन में नंगे पांव जरूर चलती हूं . भले ही यह थोड़ा अलग लगे, लेकिन इससे मुझे एक अलग ही सुकून और जुड़ाव महसूस होता है . यह मुझे शांत और साफदिमाग से सीन की तैयारी करने में मदद करता है, खासकर उन एनर्जेटिक सीन से पहले जिन्हें हम रोज़ शूट करते हैं . सोमा राठौड़ बताती हैं, मेरे शूट से पहले की एक थोड़ी हटकर लेकिन असरदार आदत है-सेट पर जाने से ठीक पहले बहुत ठंडा पानी पीना, वो भी ढेर सारी बर्फ के साथ . कई बार लोगों को ये अजीब लगता है, खासकर सुबह-सुबह, लेकिन मेरे लिए ये तैयारी का एक ज़रूरी हिस्सा बन चुका है . ठंडा पानी मेरे गले को एकदम साफ कर देता है और मुझे अम्माजी की तीखी और ऊंची आवाज़ में उतरने में मदद करता है . इससे मेरी आवाज़ में वो नाटकीयपन आ जाता है, जो अम्माजी के किरदार के लिए ज़रूरी है .

# इंदौर रेलवे स्टेशन बिल्डिंग निर्माण कार्य शुरू

- सांसद ने किया भूमिपूजन
- 412 करोड़ से बनेगा 8 मंजिला नया भवन




नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में नए रेलवे स्टेशन बिल्डिंग निर्माण की आज शुरुआत कर दी गई. पहले चरण में नए भवन निर्माण पर 412 करोड़ खर्च होगा, जिसमें 8 मंजिला इमारत खड़ी होगी. सांसद द्वारा भूमिपूजन कर विधिवत निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया.**

इंदौर रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग निर्माण करने की चर्चा लंबे समय से हो रही थी. बिल्डिंग निर्माण की मंजूरी रेल मंत्रालय ने स्वीकृत कर दी थी. पहले चरण के लिए 435 करोड़ रुपए मंजूर किए गए थे. रेल मंत्रालय ने टेंडर जारी किए और नई स्टेशन बिल्डिंग के लिए 412 करोड़ रुपए का विभाग को टेंडर मिला, जिसे मंजूर कर दिया गया. इंदौर रेलवे स्टेशन और बिल्डिंग निर्माण का ठेका मोंटी कार्लो लिमिटेड को दिया गया है. उक्त कंपनी पश्चिम बंगाल की है और रेलवे स्टेशन निर्माण कार्य करती है. आज सांसद शंकर लालवानी ने पहले चरण में स्टेशन बिल्डिंग और नए प्लेटफार्म निर्माण का भूमिपूजन किया. निर्माण कंपनी ने पार्सल भवन से टिकट घर तक 60 मीटर के क्षेत्र में काम शुरू कर दिया है. नई बिल्डिंग तल मंजिल सहित आठ मंजिला इमारत होगी. स्टेशन भवन में अंडर ग्राउंड पार्किंग होगी, जिसमें 500 कारें खड़ी हो सकेगी.

सांसद शंकर लालवानी ने भूमिपूजन के बाद कहा कि नई बिल्डिंग निर्माण का काम 2.5 साल में पूरा होगा. यह पहला चरण है. दो चरणों में शेष विकास कार्य होंगे, को करीब 600 से 700 करोड़ रुपए से किए जाएंगे. प्लेटफार्म नंबर एक से निर्माण की शुरुआत हो गई है. नई बिल्डिंग तीन अलग अलग हिस्सों में बनेगी. इस दौरान यात्रियों के सुविधाओ का पूरा ध्यान और वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जा रही है. वहीं सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए तल मंजिल, पहली दूसरी मंजिल का काम पहले कर सुचारू रूप से संचालन हो, इसकी व्यवस्था की जाएगी.

#### नई रेलवे स्टेशन बिल्डिंग निम्न सुविधाएं होगी...

- स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण 2.5 वर्ष होगा पूरा
- मोंटी कार्लो कंपनी लिमिटेड करेगी निर्माण
- बिल्डिंग की लागत 412 करोड़ रुपए
- 16 एस्केलेटर और 30 लिफ्ट होगी स्टेशन पर
- 1277 दिन या 42 महीने में होगा काम पूरा
- 12 हजार स्क्वेयर मीटर में 500 कारों के लिए पार्किंग
- सेपरेट डिपार्चर और अराइवल की सुविधा
- जी+ 7 मंजिला होगी नई बिल्डिंग
- 22 डिब्बों की ट्रेन के लिए 4 प्लेटफार्म
- टोटल इंदौर रेलवे स्टेशन का विकास 1 हजार करोड़ से
- दूसरी मंजिल पर होगा फूड प्लाज़ा
- रेल पार्सल भवन जी+1 का बनेगा
- स्टेशन ओर भवन का काम तीन अलग अलग पार्ट में होगा।

#### कई ट्रेनों का संचालन लक्ष्मीबाई नगर से

नई बिल्डिंग निर्माण के दौरान रेल विभाग सिटी स्टेशन से चलने वाली कई ट्रेनों को लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन से भी संचालित करेगा. इससे यात्रियों को परेशानी होगी, लेकिन कुछ समय बाद बड़ी सुविधा भी मिलेगी.



### कर्मफलदाता शनि पुस्तक का विमोचन

**इंदौर. जनसामान्य शनि ग्रह को डर की दृष्टि से देखते है, ज्योतिष में भी शनि को क्रूर ग्रह मानते है, लेकिन वास्तव में देखा जाए तो शनि ग्रह न्याय का प्रतीक है इसलिए शनि को न्यायाधीश भी कहा जाता है. शनि ग्रह कर्मो के अनुसार फल देते है. अच्छे कर्म का अच्छा फल और बुरे कर्म का बुरा फल इसलिए उन्हें कर्मफलदाता की भी संज्ञा दी जाती ही.**

कुछ ऐसे ही शनि के अनछुए पहलुओं को किताब के माध्यम से जनसामान्य को अवगत कराने का प्रयास किया है जिसे श्रीरंग प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया है और पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय आशीष गुप्ता द्वारा लिखा है. किताब का शीर्षक है कर्मफलदाता शनि, जिसका विमोचन एक भव्य समारोह पूर्वक आयोजित कार्यक्रम में किया गया. विमोचन देश के प्रसिद्ध शनि साधक एवं महामंडलेश्वर डॉ दादू महाराज ने किया. आयोजन के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया, पूर्व महापौर कृष्ण मुरारी मोघे, उमाशशी शर्मा, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, सत्यनारायण पटेल, पार्षद हरप्रीत कौर लूथरा, रूपेश देवलिया, शरद पवार, योगेश गेंदर, समाज सेवी राजेश विजयवर्गीय, डॉ. शरद पंडित, बीजेपी के पूर्व महानगर मीडिया प्रभारी देवकीनंदन तिवारी, जनादेश वार्ता के सम्पादक गिरीश चव्हाण आदि उपस्थित थे.

विमोचन के पूर्व ही समस्त पुस्तके विक्रय हो गई. इस किताब को लेकर इंदौर की ऐतिहासिक धरोहर गांधी हाल में उपस्थित गुरुजी के शिष्यों का ऐसा सहयोग मिला कि वहां पर मौजूद काउंटर से समस्त किताबें शनि भक्तों ने प्राप्त कर ली. अतिथि स्वागत प्रताप तोलानी, आशीष साहू, दीपक बाबा ने किया. पुस्तक की रूप रेखा लेखक आशीष गुप्ता ने बताई. संचालन अलका सैनी ने किया. आभार मनोज हार्डिया ने माना. उक्त जानकारी मराठा समाज के गिरीश चव्हाण द्वारा दी गई.




### डिस्को थीम पर म्यूजिक शो आयोजित

नव भारत न्यूज

**इंदौर. तिरुपति म्यूजिकल ग्रुप इंदौर की निर्देशक परिकल्पना लीना श्रीवास ने बताया कि तिरुपति म्यूजिकल ग्रुप हर बार नए थीम के आयोजन को लेकर नए कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच भी देते हैं. इसी शृंखला में प्रेस क्लब में शानदार डिस्को संगीत आयोजन किया गया जिसमें सिंगर के साथ श्रोता भी गीतों पर नृत्य करे रह न पाए.** सबने खूब आनंद लिया. इस आयोजन के मुख्य सिंगर स्वर देने वाले कलाकार, डॉ विनोद रघुवंशी, हितेंद्र चौहान, विनेश खरे, राजेश दुबे, मयंक थनवार, मनोज यादव मुख्य अतिथि सिंगर, मनोहर करंबेलकर, विभा दुबे, मनीष दुबे, पूजा परमार, सुरेश खथुरिया, रजनी चाहर, कोमल कर्मा, राकेश चिंतामन, हितेश ओसवाल, सुनील मरमट, आयुष नेगी, मनोज पंडित, संजय राठवे, विक्की शर्मा, स्नेहा गंदे, साक्षी खर्चे, ज्योति नागले, संजय तिवारी, जया, विश्वास चौहान फोटो शकील, साउंड गणपत कुशवाह द्वारा किया गया. आभार राजेश दुबे और निशाग्र श्रीवास द्वारा माना गया.

# 30 लाख आबादी में 6 .63 लाख फर्जी समग्र आईडी : कांग्रेस

- करोड़ों का भ्रष्टाचार, पात्र नागरिक भटक रहे है - सज्जन वर्मा
- नगर निगम की रिपोर्ट में खुलासा



नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर में 6.63 हजार फर्जी समग्र आईडी कार्ड बना दिए गए है. उक्त कार्ड से शासन की विभिन्न योजनाओं में करोड़ों का भ्रष्टाचार हुआ है. यह सब कार्य भाजपा सरकार के कार्यकाल हो रहा है. उक्त फर्जी समग्र कार्ड बनने का खुलासा होने पर कांग्रेस ने जांच करने और दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है.**

पूरे प्रदेश में समग्र आईडी को आधार कार्ड से जोड़ने का काम किया जा रहा है. प्रदेश के सभी कलेक्टरों को सरकार ने 7.21 लाख फर्जी समग्र आईडी की सूची भेजकर जांच करने और पोर्टल से हटाने का आदेश भी दिया है. इंदौर में भी कलेक्टर के आदेश पर नगर निगम उक्त कार्य कर रहा है. नगर निगम द्वारा जारी की गई रिपोर्ट अनुसार सिर्फ इंदौर में ही 6.63 लाख फर्जी समग्र आईडी पाई गई है. फर्जी समग्र आईडी को लेकर कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि समग्र आईडी एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो नागरिकों की पहचान कराता है. समग्र आईडी के आधार पर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाता है. वर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा जारी रिपोर्ट में 6.63 लाख फर्जी समग्र आईडी की रिपोर्ट एवं सरकारी आदेशों सहित कांग्रेस पूर्व पार्षद दिलीप कौशल द्वारा निकाली गई है.

#### जांच की मांग की जाएगी

पूर्व पार्षद दिलीपी कौशल ने इस सम्बन्ध में कहा कि संभागायुक्त, कलेक्टर एवं निगमायुक्त को आवेदन देकर पात्र नागरिकों की समग्र आईडी पुन: शुरू करने तथा फर्जी रूप से बनी 6 .63 लाख फर्जी समग्र आईडी बनाने की जांच करने की मांग की जाएगी . साथ ही दोषियों पर तत्काल कारवाई और एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है . पत्रकार वार्ता में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे, प्रदेश प्रवक्ता राजेश चौकसे, गिरधर नागर, अमन बजाज, प्रवक्ता अमित चौरसिया उपस्थित थे .

#### फर्जीवाड़े में भी नंबर 1

वर्मा ने कहा कि देश का नंबर 1 शहर इंदौर अब भाजपा शासन में हर तरह के फर्जीवाडे में भी नंबर 1 हो गया है. नगर निगम इसका मुख्य केंद्र बनता जा रहा है. निगम में नित नए घोटाले उजागर हो रहे है, जिसकी सूची बढ़ती जा रही है. हाल ही में सीवरेज घोटाला, डामर पेचवर्क घोटाला और अब ताजा रिपोर्ट में लाखों संख्या में फर्जी समग्र आईडी बनाकर लूटा जा रहा है.

इंदौर में 6.63 लाख फर्जी समग्र आईडी होने से भाजपा का भ्रष्टाचार साफ प्रकट हो रहा है. वर्मा ने यह सवाल भी उठाया की इंदौर में 6.63 लाख फर्जी समग्र आईडी कब और किन दस्तावेजों पर बनाई गई है? कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इंदौर में वर्षो से फर्जी समग्र आईडी बनाकर विभिन्न योजनाओं में लाभ लेने का खेल चल रहा है. इसमें करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार होने का अंदेशा है.

# स्थापना दिवस पर आयोजित हुए विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम




नव भारत न्यूज

**इंदौर. एमओजी लाइन स्थित सराफा विद्या निकेतन का 50वां स्थापना दिवस संस्था के अध्यक्ष महेन्द्र पाटीदार, सचिव प्रमोद नागर एवं प्रबंध समिति सहित विभिन्न पदाधिकारियों की मौजूदगी में सौल्लास संपन्न हुआ. सन 1976 से प्रारंभ इस शिक्षण संस्था की दूसरी शाखा 1996 एवं तीसरी शाखा 2016 में प्रारंभ हुई है.**

इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न हाउस के पदाधिकारी छात्र-छात्राओं का शपथ विधि समारोह भी आयोजित किया गया. प्राचार्य आलोक दवे ने स्वागत भाषण दिया. प्रबंध समिति की ओर से संयोजकद्वय गोपाल नीमा एवं नटवरलाल जौहरी, कोषाध्यक्ष राजेश कोठाना, ट्रस्टी सतीश नीमा, व्यापारी एसो. के अध्यक्ष सुशील गुप्ता, सदस्य अशोक शर्मा सहित विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों ने भी अपनी उपस्थित दर्ज कराई. कार्यक्रम में 1976 से अब तक की उपलब्धियों पर पीपीटी प्रेंजेटेशन द्वारा प्रकाश डाला गया. विद्यालय द्वारा आयोजित निबंध स्पर्धा में अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया.

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कत्थक नृत्य, गीत, प्रहसन, नृत्य नाटिका की प्रस्तुतियां देकर सबको मंत्र मुग्ध बनाए रखा . संस्था के पूर्व छात्रों ने इस मौके पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया . विज्ञान प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया . संचालन किया सुनयना शर्मा, भारती जोशी एवं चंचल गरोड़ ने .




### स्कूली बच्चों को बैग वितरित

इंदौर. लायंस क्लब सनशाइन, डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1- झोन 2- रीजन 3 द्वारा शिक्षा सहायता के तहत हमेशा जरूरतमंद बच्चों की सहायता करना उद्देश्य रहा है. इसी कड़ी में आज शासकीय उन्नत स्कूल कबीटखेड़ी में करीब 50 बच्चों को स्कूल के बैग्स दिये गए. साथ ही स्कूल की नई बन रही बिल्डिंग के लिए दो सीलिंग पंखे दिये गये. इस कार्य में सहयोग लायन आशमा मल्होत्रा के पारिवारिक मित्र श्री एम एम मेहरा तथा शशि मेहरा ने किया. बच्चों को प्रतिदिन स्कूल उपस्थित होने की प्रेरणा भी दी. आज क्लब अध्यक्ष संगीता पाठक, जोन चेयरपर्सन आशमा मल्होत्रा, पूर्व अध्यक्ष सुप्रिया बंसल, विनय गुप्ता, शिखा शर्मा तथा पूजा जोशी उपस्थित थी.

### फ़ाइनेंशियल जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए मज़बूत उपाय अपनाना ज़रूरी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आजकल स्मार्टफोन सिर्फ़ बात करने का ज़रिया नहीं रहा, यह आपका डिजिटल वॉलेट, बैंक और पहचान का केंद्र बन गया है. अपराधी इस बात को अच्छी तरह जानते हैं। उनका मक़सद सिर्फ़ आपका फ़ोन बेचकर पैसा कमाना नहीं होता; वे जानते हैं कि एक बार फ़ोन अनलॉक हो जाए, तो उन्हें आपकी कई संवेदनशील जानकारी मिल सकती है.**

फ़ोन चोरी होना सिर्फ़ फ़ोन खोने से कहीं बड़ी परेशानी है; यह बड़े फ़ाइनेंशियल फ़्रॉड का ज़रिया बन सकता है, और चोर डिजिटल सुरक्षा खामियों का फ़ायदा उठाने में देर नहीं लगाती. वे अक्सर पीआई, डिजिटल वॉलेट और बैंकिंग ऐप्स जैसे ऑटो-लॉग इन पेमेंट ऐप्स को निशाना बनाते हैं, अगर आपके फ़ोन में मज़बूत स्क्रीन लॉक या ऐप-विशिष्ट सुरक्षा जैसे पिन या बायोमेट्रिक्स नहीं हैं, तो वे आसानी से ट्रांजेक्शन करना शुरू कर सकते हैं.

फोनपे के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ के अनुसार फ़ोन चोरी होने के बाद अपनी फ़ाइनेंशियल जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए मज़बूत पहले से किए गए उपाय अपनाना ज़रूरी है. हमेशा अपने डिवाइस को कठिन पासवर्ड या बायोमेट्रिक्स से सुरक्षित करें और ऑटो-लॉक चालू करें; इसके अलावा, बैंकिंग और पेमेंट ऐप्स के लिए ऐप-लेवल लॉक सेट करें. ब्राउज़र में कार्ड डिटेल्स जैसी सेंसिटिव जानकारी को ऑटो-सेव करने से बचें, और इसके बजाय सुरक्षित पासवर्ड मैनेजर का उपयोग करें. सुरक्षा कमज़ोरियों को ठीक करने के लिए नियमित रूप से अपना सॉफ़्टवेयर अपडेट करें, और यदि आपका डिवाइस खो गया है या चोरी हो गया है, तो तुरंत अपने टेलीकॉम प्रोवाइडर को इसकी सूचना दें ताकि आपकी सिम ब्लॉक हो जाए और अपने बैंकों को सूचित करें ताकि अकाउंट सस्पेंड हो जाएँ.

संदिग्ध गतिविधि के लिए रोज़ाना अपने बैंक अकाउंट्स की निगरानी करें और ट्रांजेक्शन अलर्ट सेट करें. अगर आपका डिवाइस चोरी हो जाए, तो तुरंत ये क़दम उठाएँ- अपने फोनपे अकाउंट को ब्लॉक करें ताकि कोई अन-ऑथराइज एक्सेस न हो। आप यह जल्दी से फोनपे कस्टमर सर्विस को कॉल करके, उनके वेब फ़ॉर्म के ज़रिए टिकट सबमिट करके, या सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर संपर्क करके कर सकते हैं। अगर आपको धोखाधड़ी का शक है, तो साइबर क्राइम सेल में या 1930 पर कॉल करके भी शिकायत दर्ज करें।

**कार्यक्रम** | 2030 तक इंदौर की जीडीपी डबल करने के लक्ष्य में महिला उद्यमियों का योगदान अहम : लालवानी

# आर्थिक विकास में अहम योगदान दे रहीं महिला उद्यमी



**इंदौर. एसोएिशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश की महिला सिद्धि वूमेन विंग के साथ आयोजित बैठक में सांसद शंकर लालवानी ने इंदौर की आर्थिक विकास यात्रा को नये आयाम तक पहुंचाने तथा शहर की जीडीपी 2030 तक दोगुना करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्राप्ति में महिला उद्यमियों की महती भूमिका एवं योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान में महिला उद्यमी भी आज के दौर में बहुत की बेहतर प्रदर्शन कर अपने उद्योग संचालन कर देश के आर्थिक विकास में अपना अहम योगदान दे रही है.**

सांसद लालवानी जी ने सन् 2030 तक इंदौर की जीडीपी को डबल करने की योजनान्तर्गत तैयार किये गये ब्लूप्रिंट की जानकारी विस्तृत रूप से साझा करते हुए कहा कि इंदौर की जीडीपी वर्तमान में 1.25 लाख करोड़ रू. है जिसे 2030 तक दोगुना रू. 2.70 लाख करोड करने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें विभिन्न व्यवसायिक समूहों के साथ एमएसएमई उद्योगों सहित महिला उद्यमियों की भी विशेष भूमिका है. इंदौर में उद्योग-व्यवसाय का तेज गति से विकास हो रहा है तथा एक रणनीति के तहत केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा काफी प्रयास किये जा रहे है. वर्तमान में इंदौर के आसपास के क्षेत्रों में एमएसएमई क्षेत्र के विकास हेतु अनुकुल अवसर है तथा हमारे देश के प्रधानमंत्री भी देश की जीडीपी बढाने हेतु लगातार प्रयासरत है. इंदौर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के भी उम्मीदों का शहर है तथा यहां उद्योग व्यापार के विकास की बेहतर संभावनाए है.

#### जानकारी की कमी के कारण कठिनाइयां

कार्यकम में अर्थशास्त्री डॉ . जयंतीलाल जी भंडारी ने इंदौर 2030 के लिए तैयार किये गये ब्लूप्रिंट की प्रमुख बातों सहित आर्थिक विकास और इंदौर में औद्योगिक संभावनाओं कों अपने दीर्घ अनुभवों को साझा करते हुए महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया . महिला सिध्दि की अध्यक्ष श्रेष्ठा गोयल ने कहा कि यहां की महिलाओं में अच्छे उद्यमिता गुण है, परंतु शासकीय योजनाओं, एक्सपोर्ट, मार्केट सर्च, लाजिस्टीक, वित्तीय सहायता जैसी विभिन्न जानकारी एवं जागरूकता की कमी के कारण कठिनाईयां अनुभव कर रही है . इसके लिए स्थानीय स्तर से प्रयास होने चाहिए .

#### महिला उद्यमियों ने दिए सुझाव

अध्यक्ष योगेश मेहता ने कहा कि हमारे एमएसएमई सेक्टर सहित महिला उद्यमिता का जो भी सहयोग एवं योगदान परिलक्षित लक्ष्य हेतु चाहते है, इसके लिए हम सभी सदैव साथ है. आपने एक्सपोर्ट में उद्योगों को मार्गदर्शन देने सहित कई सुझाव रखे. बैठक में महिला उद्यमियों ने भी अपने-अपने सुझाव दिये. संचालन सुनिता जैन ने किया.

बैठक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र स्वप्निल गर्ग, श्वेता सिसोदिया, रूपाली जहागीरदार, भारती सोनी, ममता महाजन, मनीषा येवले, प्रिति चौहान, अस्मिता दुबे, ग्रीष्मा त्रिवेदी, श्री तरूण व्यास, डॉ. अनिल भंडारी, विशाल गिदवानी, जेपी नागपाल, मधूसुदन मलिका सहित बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों एवं गणमान्यजनों ने भाग लिया. स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक विशाल पुरोहित ने स्वदेशी उत्पाद अपनाने की शपथ दिलाई.